# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

ज्ञान शान्ति मैत्री

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा – (महाराष्ट्र), भारत

[ Phone No. 07152-255686, Fax No. 07152-247602 ] [ Website : www.hindivishwa.org ]

## निविदा सूचना

सूचना क्र. : एम.जी.ए.एच.वी./008-पी.एस./2018-19/05 दिनांक : 15.09.2018

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह के अवसर पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों हेतु बिछायत, प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था हेतु इच्छुक फर्मों से सीलबंद लिफाफों में निविदाएँ निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं-

| क्र. | कार्य विवरण<br>(12 से 15 अक्टूबर, 2018 तक के लिए) | निविदा शुल्क | बयाना (ई.एम.डी.) राशि | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बिछायत व्यवस्था | ₹ 500/- | ₹ 10,000/- | **दिनांक 05.10.2018 अपराहन 02.00 बजे तक** |
| 02 | प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था | | ₹ 6,500/- | |

इच्छुक आवेदक सीलबंद लिफाफे में, निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय तक भेज सकते हैं। प्राप्त निविदाएँ उसी दिन अपराहन 4.00 बजे खोली जाएँगी।

**उपरोक्त के संदर्भ में सूचना की पूरी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट *www.hindivishwa.org* पर उपलब्ध है।**

**कुलसचिव**

ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा - 442001 (महाराष्ट्र), भारत

**nh{kkr lekjkg 2018 e vk;kftr dk;Øek gr fcNk;r] idk'k ,o /ofu{ki.k O;oLFkk gr fufonk Qke**

## Tender Document for Hiring of Tent, Sound & Lighting Services for Convocation 2018 etc. Programmes

**निविदा सं. : एम.जी.ए.एच.वी./008-पी.एस./2018-19/05** **दिनांक : 15.09.2018**

| | | |
|---|---|---|
| **निविदा फार्म क्रय हेतु उपलब्धता की तिथि** | : | 15.09.2018 (10.00 बजे सुबह) |
| **निविदा फार्म क्रय की अंतिम तिथि** | : | 04.10.2018 (सायं. 05.00 बजे तक) |
| **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि** | : | 05.10.2018 (अपराह्न 02.00 बजे तक) |
| **निविदा खुलने की तिथि** | : | 05.10.2018 (अपराह्न 04.00 बजे) |

☛ **निविदा की विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट *www.hindivishwa.org* पर उपलब्ध है।**

**निविदा फार्म शुल्क राशि ₹ 500/-**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा - 442001 (महाराष्ट्र), भारत

**निविदा सं. : एम.जी.ए.एच.वी./008-पी.एस./2018-19/05** **दिनांक : 15.09.2018**

## (1) बिछायत, प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था हेतु निविदा।

**विषयः महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय (म.गां.अं.हिं.वि.) के तीसरे दीक्षांत समारोह (दिनांक 15 अक्टूबर, 2018) के अवसर पर दिनांक 12 से 15 अक्टूबर, 2018 तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों हेतु विश्वविद्यालय को बिछायत, प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था करवाने की आवश्यकता है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक फर्मों से सीलबंद लिफाफों में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है –**

| कार्य का प्रारूप | निविदा शुल्क | बयाना राशि (अर्नेस्ट मनी) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं स्थान | निविदा खुलने की तिथि एवं स्थान |
|---|---|---|---|---|
| **बिछायत व्यवस्था** | ***राशि ₹ 500/-*** **(पाँच सौ रुपये मात्र)** (वापस नहीं की जायेगी) | ***राशि ₹ 10,000/-*** **(दस हजार रुपये मात्र)** (ब्याज मुक्त हस्तांतरणीय) | 05.10.2018 अपराह्न 02.00 बजे कुलसचिव कार्यालय, म.गां.अं.हिं.वि.,वर्धा | 05.10.2018 अपराह्न 04.00 बजे कुलसचिव कक्ष, म.गां.अं.हिं.वि.,वर्धा |
| **प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था** | | ***राशि ₹ 6,500/-*** **(छः हजार पाँच सौ रुपये मात्र)** (ब्याज मुक्त हस्तांतरणीय) | | |
| बयाना राशि (इ.एम.डी.) एवं निविदा शुल्क की प्रकृति | ❖ ***मात्र डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) द्वारा, जो "वित्ताधिकारी, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा" के पक्ष में देय होगा।***<br>❖ ***निविदा शुल्क एवं बयाना राशि का डिमांड ड्राफ्ट कृपया अलग-अलग संलग्न करें।*** | | | |
| निविदाकर्ता के लिए आवश्यक सूचना | ❖ ***बिछायत व्यवस्था हेतु तथा प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था हेतु अलग-अलग बयाना राशि प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।***<br>❖ निविदा सीलबंद हो।<br>❖ यदि निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत निविदा में वास्तविक निविदा दस्तावेजों से किसी भी प्रकार की भिन्नता पाई गई, तो उक्त निविदा निरस्त कर दी जाएगी।<br>❖ निविदा उपस्थित निविदाकर्ता/वेंडर के समक्ष खोली जाएगी।<br>❖ अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताए किसी भी निविदा रद्द करने के समस्त अधिकार सुरक्षित हैं।<br>❖ निविदा खुलने के दिन भारत सरकार अथवा विश्वविद्यालय द्वारा अवकाश घोषित होने की स्थिति में निविदा प्राप्ति/प्रस्तुति एवं खुलने की अंतिम तिथि और समय अगला कार्य दिवस होगा। | | | |

**कुलसचिव**

## (2) निविदा की शर्तें एवं स्थितियाँः

1. महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा ***अनुलग्नक (Annexure)- III*** के अनुसार व्यवस्था हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 05.10.2018 अपराह्न 02.00 बजे तक सीलबंद निविदाएं निम्नांकित पते पर हाथों-हाथ (by hand) अथवा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती हैंः

   **कुलसचिव**
   महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
   पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स
   **वर्धा – 442 001** (महाराष्ट्र)

2. निविदा दो भागों में दी जानी आवश्यक है– **(1) तकनीकी निविदा (2) वित्तीय निविदा।**

   - **तकनीकी निविदा :** तकनीकी निविदा वाले लिफाफे में फर्म से संबंधित सभी विवरण, सभी तरह के नामांकन संबंधी प्रपत्र यथा फर्म का नामांकन, जी.एस.टी., पैन प्रमाणपत्र, विधिवत भरा हुआ ब्यौरा ***अनुलग्नक (Annexure)- I, अनुलग्नक (Annexure)- II*** के अनुसार, निविदा शुल्क एवं इ.एम.डी. का डी.डी. तथा फर्म के कार्यानुभव का प्रमाणपत्र आदि वांछनीय दस्तावेज होना आवश्यक है।
   - **वित्तीय निविदाः** वित्तीय निविदा वाले लिफाफे में ***अनुलग्नक (Annexure)- III*** के अनुसार विधिवत भरा हुआ ब्यौरा रखकर इस लिफाफे के दोनों सिरों को सील एवं हस्ताक्षरित कर निम्नानुसार अलग-अलग निविदा प्रस्तुत करनी होगीः

   ❖ बिछायत व्यवस्था से संबंधित निविदा के ऊपर ***''बिछायत व्यवस्था हेतु निविदा''*** लिखा हो।
   ❖ प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था से संबंधित निविदा के ऊपर ***''प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था हेतु निविदा''*** लिखा हो।
   ❖ *तत्पश्चात तकनीकी एवं वित्तीय निविदा एक बड़े लिफाफे में रखकर लिफाफे पर यदि सिर्फ बिछायत व्यवस्था के लिए आवेदन के इच्छुक हों तो* ***''बिछायत व्यवस्था के लिए निविदा'',*** *तथा सिर्फ प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था के लिए आवेदन के इच्छुक हों तो* ***''प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था के लिए निविदा''*** *और दोनों व्यवस्थाओं के लिए आवेदन के इच्छुक होने पर* ***''बिछायत तथा प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था हेतु निविदा, अंतिम तिथि 05.10.2018'' स्पष्ट*** *लिखा हो।*

3. बिंदु-2 के अनुसार समस्त सीलबंद निविदाएँ दिनांक 05.10.2018 को अपराह्न 04:00 बजे कुलसचिव कक्ष, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जाएँगी। निविदाकर्ता अथवा उनके प्रतिनिधि के उपस्थित न होने की स्थिति में कुलसचिव के समक्ष समस्त निविदाओं को खोला जाएगा।

4 कोटेशन में दरें, जी.एस.टी., ढुलाई एवं वाहन भाड़ा, बीमा तथा व्यवस्थानुरूप सामग्री लगवाने आदि समस्त खर्चों सहित शामिल करें। कोटेशन के अतिरिक्त, किसी भी तरह का अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।

   करों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए। **यदि करों का अलग से उल्लेख नहीं होगा, तो प्रस्तुत दर में ही कर राशि सम्मिलित मानी जाएगी।**

5. व्यवस्थान्तर्गत वांछनीय बिछायत, प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था दिनांक 11.10.2018 को प्रातः 07.00 बजे तक तैयार होना अनिवार्य होगा।

6. इस निविदा के तहत, कोई भी भुगतान, किसी भी व्यवस्था के लिए अग्रिम में नहीं किया जाएगा।

7. जी.एस.टी., संस्था का पंजीकरण संख्या और आयकर पंजीकरण (पैन) की जानकारी, वैध दस्तावेज आगणन (कोटेशन) के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

8. कोटेशन के ऊपर फर्म का जी.एस.टी. क्रमांक लिखा होना अनिवार्य होगा।

9. किसी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय आदि किसी अकादमिक संस्थान अथवा किसी सरकारी संस्था में संबंधित क्षेत्र में सफलतापूर्वक सेवाएँ दे चुके एवं तीन वर्ष से अधिक अनुभवी आवेदक को वरीयता दी जाएगी। इसके लिए किए गए कार्य का प्रमाण आवश्यक होगा।

10. अनुलग्नक के अनुसार वांछनीय जानकारी के सभी संलग्न कॉलम विधिवत एवं अच्छे तरीके से भरे जाने चाहिएँ तथा प्रत्येक मद की दरें साफ-साफ लिखी जानी चाहिए। निविदा दस्तावेज पर फर्म के अधिकृत व्यक्ति द्वारा ही हस्ताक्षरित होना आवश्यक है।

11. निविदाकर्ता द्वारा अपनी फर्म/एजेन्सी के पत्र-शीर्ष (लेटर हेड) पर पर्याप्त विवरण (डाटा) के साथ एक संक्षिप्त लेख के रूप में अपनी सभी मौजूदा प्रतिबद्धताओं को पूरा करने, निर्धारित समय और समापन के भीतर व्यवस्था करने तथा उनके अनुभव आदि का ब्यौरा प्रस्तुत करना चाहिए।

12. एक बार सामग्री का चुनाव विश्वविद्यालय द्वारा तय किए जाने के बाद फर्म द्वारा तदनुरूप उसकी व्यवस्था संबंधी किसी प्रकार का बदलाव स्वीकार्य नहीं होगा किंतु परिस्थिति एवं आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय के पास किसी भी विशिष्ट प्रकार की मद को चुनने/बदलने का विशेषाधिकार सुरक्षित है।

13. विश्वविद्यालय किसी भी निविदा को चयन करने हेतु बाध्य नहीं है, उनके द्वारा बिना कारण बताए किसी भी निविदा या निविदा के किसी एक भाग को रद्द किया जा सकता है। इस संबंध में कुलपति, म.गां.अं.हिं.वि.,वर्धा का निर्णय अंतिम होगा।

14. विश्वविद्यालय निविदाओं, पात्र मापदंड के लिए विनिर्देशों के समर्थन में निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत सभी मूल दस्तावेजी साक्ष्यों की पुष्टि को सत्यापित कराने का अधिकार सुरक्षित रखता है। किसी भी मामले में निविदाकर्ताओं द्वारा दी गई जानकारी में कोई भी बिंदु झूठा या गलत पाए जाने पर निविदा को खारिज कर दिया जाएगा।

15. **बयाना राशि (इ.एम.डी. राशि):**

**क)** बिछायत व्यवस्था के लिए **राशि ₹ 10,000/- (दस हजार रुपये मात्र)** एवं प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण हेतु **राशि ₹ 6,500/- (छः हजार पाँच सौ रुपये मात्र) (अलग-अलग से)** (ब्याज मुक्त हस्तांतरणीय) केवल डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा जो, **वित्ताधिकारी, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा** के नाम पर देय होने पर ही आगणन (कोटेशन) पर विचार किया जाएगा, जो कि बयाना राशि (इ.एम.डी. राशि) के रूप में निविदाकर्ता द्वारा आगणन के साथ भेजा जाएगा।

**ख)** सभी असफल निविदाकर्ताओं की बयाना राशि, निविदा खुलने के अगले 15 दिनों के अंदर और सफल निविदाकर्ता को संतोषजनक कार्य समाप्ति एवं बिल प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर लौटा दी जाएगी तथा इस प्रक्रिया के द्वारा बयाना राशि बिना ब्याज के निविदाकर्ता को देय होगी।

**ग)** कृपया अवगत हों कि निम्नलिखित कारणों से बयाना राशि इस विश्वविद्यालय द्वारा जब्त की जा सकती है:

(01) निविदाकर्ता द्वारा निविदा वापस लिए जाने पर या वैधता अवधि में निविदा का अल्पीकरण अथवा निविदा को खारिज कर दिए जाने पर।

(02) निविदाकर्ता की निविदा खुलने के बाद प्रस्ताव में किसी भी प्रकार का संशोधन करने की स्थिति में।

(03) कार्यादेश में उल्लिखित निर्धारित समय सीमा के भीतर निविदाकर्ता द्वारा व्यवस्था ना किए जाने/असुविधा होने की स्थिति में।

(04) निविदाकर्ता द्वारा दी गई सूचना/प्रमाणपत्र/दस्तावेज किसी भी स्थिति में गलत पाए जाने पर।

16. निविदा में उल्लिखित सामग्री की मात्रा घटाने अथवा बढ़ाने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

17. कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथियों का आगमन संभावित है। अतः ध्वनि और प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने वाली फर्म/एजेंसी के पास अग्नि प्रमाणक तथा गुणवत्ता प्रमाणपत्र धारक को वरीयता दी जाएगी।

18. ध्वनि और प्रकाश व्यवस्था के संबंध में प्रयोग की जाने वाली विद्युत तारों को उचित प्रकार से बिछाया जाना आवश्यक होगा ताकि शॉर्ट सर्किट, ओवर लोड जैसी समस्याएं न आएँ।

19. बिछायत व्यवस्थान्तर्गत सुरक्षा के दृष्टिकोण से निकासी हेतु पर्याप्त मात्रा में दरवाजों की व्यवस्था होना आवश्यक है।

20 बिछायत से संबंधित समस्त सामग्री (सोफा, पर्दे, कारपेट, कुर्सी, मेज आदि) की गुणवत्ता के साथ-साथ सफाई की उचित व्यवस्था तथा निर्देशित जगह पर रखवाने की जिम्मेदारी निविदाकर्ता की होगी।

21 बिल का भुगतान साधारणतः 30 दिनों के भीतर कर दिया जाएगा। ऑनलाइन भुगतान हेतु निविदाकर्ता को बैंक विवरण प्रस्तुत करना होगा।

22 बिल का भुगतान संबंधित कार्य संतोषजनक सम्पन्न होने तथा वास्तविक उपयोगिता के आधार पर किया जाएगा।

23 व्यवस्था के दौरान किसी भी प्रकार की हानि व क्षति की जिम्मेदारी निविदाकर्ता की स्वयं की होगी। किसी विशेष परिस्थिति में इस प्रकार के मदों के मूल्यों का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा अपने विवेकानुसार किया जा सकता है।

24 इस निविदा की वैधता न्यूनतम 6 माह तक रहेगी। इसे आवश्यकतानुरूप एवं परस्पर सहमति से 12 माह तक बढ़ाया जा सकेगा। इसके परिप्रेक्ष्य में, विश्वविद्यालय द्वारा उक्त अवधि में अन्य कार्यक्रमों में इसी दर पर आवश्यकतानुसार व्यवस्था/सेवाएं निविदाकर्ता को उपलब्ध करवानी होगी।

25 'पुस्तक मेला', 'फूड फेस्टिवल' आदि कार्यक्रमों के आयोजन के परिप्रेक्ष्य में, किन्हीं अपरिहार्य कारणों से प्रस्तावित कार्यक्रम में बदलाव की स्थिति में प्रतिदिन, प्रति नग के अनुसार व्यवस्था करनी होगी तथा तद्नुसार इसका भुगतान किया जाएगा।

26 इस निविदा में यदि कोई भी बदलाव अथवा संषोधन होता है तो उसे केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट ***www.hindivishwa.org*** पर दिया जाएगा। कृपया अद्यतन जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करें।

**कुलसचिव**

ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा - 442001 (महाराष्ट्र), भारत

**निविदा सं. : एम.जी.ए.एच.वी./008-पी.एस./2018-19/05** **दिनांक : 15.09.2018**

**अनुलग्नक (Annexure)- I**

## निविदा प्रपत्र (निविदाकर्ता द्वारा भरा जाए)

1. कार्य की प्रकृति : ..........................................................................................
2. निविदाकर्ता का पूरा नाम : ..........................................................................................
3. निविदाकर्ता का (पंजीकृत) पूरा पता : ..........................................................................................

   ..........................................................................................

   ...................................................................... (सत्यापित प्रमाण संलग्न है/नही) ☐
4. दूरभाष एवं/अथवा मोबाइल नं. : ..........................................................................................
5. फैक्स नं. (यदि उपलब्ध हो तो) : ..........................................................................................
6. ई-मेल : ..........................................................................................
7. फर्म नामांकन संख्या (तिथि सहित) : ...................................................................... (सत्यापित प्रमाण संलग्न है/नही) ☐
8. पैन (तिथि सहित) : ...................................................................... (सत्यापित प्रमाण संलग्न है/नही) ☐
8. जी.एस.टी. नं. : ...................................................................... (सत्यापित प्रमाण संलग्न है/नही) ☐
9. कार्यानुभव (वर्षों में) : ...................................................................... (सत्यापित प्रमाण संलग्न है/नही) ☐
10. अग्नि प्रमाणक प्रमाणपत्र : ...................................................................... (सत्यापित प्रमाण संलग्न है/नही) ☐
11. गुणवत्ता प्रमाणपत्र : ...................................................................... (सत्यापित प्रमाण संलग्न है/नही) ☐

---

- ☛ रिक्त स्थान ☐ में संबंधित प्रमाण संलग्न किए जाने की स्थिति में ✓ व नहीं होने की स्थिति में × का निशान आवश्य लगाएँ।
- ☛ निविदा फार्म में सभी वांछनीय अभिलेखों पर निविदाकर्ता के पूर्ण अथवा लघु अस्ताक्षर होना आवश्यक है।
- ☛ ***अनुलग्नक*** *(Annexure)- I* एवं ***अनुलग्नक*** *(Annexure)- II* के समस्त दस्तावेज लिफाफा- **[ 1 ]** में रखें।

---

**प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार दी गई संपूर्ण जानकारी पूर्णतः मूल दस्तावेजों के अनुसार एवं सत्य है।**

दिनांक : ..................................

स्थान : ..................................

***निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं मोहर***

ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा - 442001 (महाराष्ट्र), भारत

**निविदा सं. : एम.जी.ए.एच.वी./008-पी.एस./2018-19/05** **दिनांक : 15.09.2018**

**अनुलग्नक (Annexure)- II**

## *निविदा शुल्क संबंधी विवरण*
**(निविदाकर्ता द्वारा भरा जाए)**

**डिमांड ड्राफ्ट का विवरण :**

1. निविदा शुल्क **राशि ₹ 500/- (पाँच सौ रुपये मात्र)** (वापस नहीं किया जाएगा) –
   डिमांड ड्राफ्ट संख्या ..................................................................................
   डिमांड ड्राफ्ट की तिथि ..................................................................................
   जारीकर्ता बैंक व शाखा ..................................................................................

2. ई.एम.डी **राशि ₹ 10,000/- (दस हजार रुपये मात्र)** बिछायत व्यवस्था हेतु।
   (बिना व्याज के वापस की जाएगी) –
   डिमांड ड्राफ्ट संख्या ..................................................................................
   डिमांड ड्राफ्ट की तिथि ..................................................................................
   जारीकर्ता बैंक व शाखा ..................................................................................

3. ई.एम.डी **राशि ₹ 6,500/- (छः हजार पाँच सौ रुपये मात्र)** प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था हेतु।
   (बिना व्याज के वापस की जाएगी) –
   डिमांड ड्राफ्ट संख्या ..................................................................................
   डिमांड ड्राफ्ट की तिथि ..................................................................................
   जारीकर्ता बैंक व शाखा ..................................................................................

---

☛ ***अनुलग्नक*** *(Annexure)- II* एवं संबंधित समस्त दस्तावेज लिफाफा- **[ 1 ]** में रखें।

---

**संलग्नक : उपरोक्तानुसार डिमांड ड्राफ्ट मूल रूप में संलग्न हैं।**

दिनांक : ..................................

स्थान : ..................................

***निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं मोहर***

**निविदा सं. : एम.जी.ए.एच.वी./008-पी.एस./2018-19/05** **दिनांक : 15.09.2018**

**अनुलग्नक (Annexure)- III**

## (क) बिछायत व्यवस्था हेतु अपेक्षित सामग्री

| दीक्षांत समारोह, सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रम हेतु (दिनांक 14.10.2018 से 15.10.2018 तक) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **अ** | **वांछनीय/अपेक्षित सामग्री** | **मात्रा (अनुमानित)** | **दर प्रति नग/ प्रति फीट (01 दिन के लिए) जी.एस.टी. सहित** | **कुल राशि (02 दिन के लिए) जी.एस.टी. सहित** |
| 1. | मंडप व्हाईट (सादा) (70 फीट x 120 फीट) | 01 | | |
| 2. | मंडप व्हाईट (वाटर प्रूफ 40 फीट x 70 फीट) | 01 | | |
| 3. | स्टेज, मंडप बैक, कारपेट | 01 | | |
| 4. | बॉक्स गेट (Box Type Gate) | 01 | | |
| 5. | ड्रेसिंग रूम | 02 | | |
| 6. | मैटिंग (पी.वी.सी.) | आवश्यकतानुसार | | |
| 7. | ग्रीन कारपेट | आवश्यकतानुसार | | |
| 8. | साईडिंग | आवश्यकतानुसार | | |
| 9. | दरी (सतरंजी) | 10 | | |
| 10. | ड्रेसिंग टेबल | 02 | | |
| 11. | कुर्सी | 500 | | |
| 12. | सोफा स्टील (थ्री सीटर) | 20 | | |
| 13. | मंच के सामने चार-चार विंग | 04 | | |
| 14. | ब्लैक/ब्लू कर्टन | आवश्यकतानुसार | | |
| 15. | रंगीन झंडे (13.10.2018 से लगवाने की व्यवस्था) | 20 | | |

| फूड फेस्टिवल (खाना खजाना) हेतु (सिर्फ दिनांक 15.10.2018 के लिए) | | | |
|---|---|---|---|
| **ब** | **वांछनीय/अपेक्षित सामग्री** | **मात्रा (अनुमानित)** | **दर प्रति नग/प्रति फीट (01 दिन के लिए) जी.एस.टी. सहित** |
| 1. | स्टॉल (10 फीट x 10 फीट) | 50 | |
| 2. | टेबल | 125 | |
| 3. | टेबल चद्दर (सफेद) | 100 | |
| 4. | कुर्सी (स्टॉल के लिए 120 व फेस्टिवल के लिए 180) | 300 | |
| 5. | सोफा | 20 | |
| 6. | सेंटर टेबल | 02 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | गोल मेज | 15 | |
| 8. | गोल मेज चादर | 15 | |
| 9. | छतरी | 15 | |
| 10. | वाष बेसिन | 02 | |
| 11. | वीआईपी लाउंज (30 फीट x 20 फीट) | 01 | |
| 12. | सजावटी पौधे/फूलों के गमले | 25 | |
| 13. | आकर्शक प्रवेश द्वार (Entry Gate) | 01 | |
| 14. | निकासी द्वार (Exit Gate) | 01 | |
| 15. | मैटिंग (पी.वी.सी.) | आवश्यकतानुसार | |
| 16. | ग्रीन कारपेट | आवश्यकतानुसार | |
| 17. | साइडिंग | आवश्यकतानुसार | |
| 18. | स्टील कूड़ादान (बडद्या) | 20 | |

**पुस्तक मेला कार्यक्रम हेतु (दिनांक 12.10.2018 से 15.10.2018 तक)**

| स | वांछनीय/अपेक्षित सामग्री | मात्रा (अनुमानित) | दर प्रति नग/ प्रति फीट (01 दिन के लिए) जी.एस.टी. सहित | कुल राशि (04 दिन के लिए) जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टॉल (10 फीट x 10 फीट) | 50 | | |
| 2. | टेबल | आवश्यकतानुसार | | |
| 3. | टेबल चादर | आवश्यकतानुसार | | |
| 4. | कुर्सी | आवश्यकतानुसार | | |
| 5. | आकर्शक प्रवेश द्वार (Entry Gate) | 01 | | |
| 6. | स्टेज डायस और मंडप | आवश्यकतानुसार | | |
| 7. | स्टेज डायस और मंडप के आगे कुर्सी 100 नग | आवश्यकतानुसार | | |
| 8. | मैटिंग (पी.वी.सी.) | आवश्यकतानुसार | | |
| 9. | ग्रीन कारपेट | आवश्यकतानुसार | | |
| 10. | साइडिंग | आवश्यकतानुसार | | |

प्रमाणित किया जाता है कि मैने उपर्युक्त विषयक महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा दी गई निविदा की समस्त सूचना, शर्तें एवं स्थितियाँ पढ़ ली हैं एवं उनसे पूर्णतया सहमत हूँ।

☛ ***अनुलग्नक*** *(Annexure)- III* एवं संबंधित दस्तावेज दस्तावेज लिफाफा- **[ 2 ]** में रखें एवं समस्त लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में रखकर भेजें।

दिनांक : ...............................

स्थान : ...............................

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं मोहर**

## (ख) प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण हेतु सामग्री

| सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रम हेतु (दिनांक 12.10.2018 से 15.10.2018 तक) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | वांछनीय / अपेक्षित सामग्री | मात्रा (अनुमानित) | दर (प्रति नग) जी.एस.टी. सहित | | |
| | | | 01 दिन के लिए | 02 दिन के लिए | 04 दिन के लिए |
| 1. | टॉप बिन स्पीकर (JBL/RCF/Dual) | 04 | | | |
| 2. | बास बिन स्पीकर (JBL/RCF/Dual) | 02 | | | |
| 3. | कॉर्डलेस माईक (Shure/Shinazore) | 02 | | | |
| 4. | पोडियम माइक (Ahuja/Shure) | 02 | | | |
| 5. | क्रॉसओवर (DBX/Bariyal) | 01 | | | |
| 6. | माइक (Shure SM 58) or others | 8–10 | | | |
| 7. | माइक / कन्सोल 24 Channel (Yamaha/ Shinazore/Sound Craft) | 01 | | | |
| 8. | स्नैक केबल 24 Channel | 02 | | | |
| 9. | पावर एम्प्लीफायर<br>1) 5000 wt – A Plus<br>2) 4000 wt – A Plus<br>3) 3000 wt – Audio Center<br>4) 3000 wt – Audio Center | सेट | | | |
| 10. | स्टेज मॉनिटर<br>1) पावर मॉनिटर 2) विदाउट पावर | 02 | | | |
| 11. | फ्लिकर्स | 01 | | | |
| 12. | स्मोक गन | 02 | | | |
| 13. | अल्ट्रा वायलेट | 02 | | | |
| 14. | पॉवर पैक / कन्सोल (पल्सर) | 10 चैनल्स | | | |
| 15. | पार लाईट 1000 वाट | 15 | | | |
| 16. | एल.ई.डी. लाईट्स | 40 | | | |
| 17. | जनरल हैलोजन 1000 वाट | 03 | | | |
| 18. | कलर फिल्टर्स (नीला,हरा,पीला,लाल, अंबर, जामूनी,कथ्थई,नारंगी) | प्रत्येक कलर के 02 | | | |
| 19. | हैलोजन (सफेद) | आवश्यकतानुसार | | | |
| 20. | टयूबलाईट | आवश्यकतानुसार | | | |
| 21. | इलेक्ट्रिक प्वाइंट | आवश्यकतानुसार | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 22. | साउंड सिस्टम | 01 | | | |
| 23. | जनरेटर सेट (125 KV, डीजल सहित) | प्रति घंटा | | | |
| 24. | पंखा (Silent Fan) | आवश्यकतानुसार | | | |
| 25. | पंखा (Mist Fan) | आवश्यकतानुसार | | | |
| 26. | कूलर | आवश्यकतानुसार | | | |
| 27. | ए.सी. (Stand Stage AC, 2 Ton) | आवश्यकतानुसार | | | |
| 28. | ए.सी. (Stand Stage AC, 3 Ton) | आवश्यकतानुसार | | | |
| 29. | अग्निशमक यंत्र (डी.सी.पी.) | 05 | | | |

प्रमाणित किया जाता है कि मैने उपर्युक्त विषयक महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा दी गई निविदा की समस्त सूचना, शर्तें एवं स्थितियाँ पढ़ ली हैं एवं उनसे पूर्णतया सहमत हूँ।

☛ ***अनुलग्नक*** *(Annexure)- III* एवं संबंधित दस्तावेज दस्तावेज लिफाफा- **[ 2 ]** में रखें एवं समस्त लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में रखकर भेजें।

दिनांक : ..................................

स्थान : ..................................

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं मोहर**